आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री रेहड़ी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधि–पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को दी स्वीकृति। राष्ट्रमंडल खेल दो हजार तीस की बोली लगाने के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को सौंपा नियुक्ति पत्र। कहा–आंगनबाड़ी केंद्रों और गांवों से होकर जाता है आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का रास्ता।
- मेरठ से लखनऊ तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के रूट का हुआ विस्तार। अब अयोध्या होते हुए वाराणसी कैंट स्टेशन तक चलाई जा रही है यह ट्रेन।
- प्रदेश के अड़तालीस जिलों में आगामी छह और सात सितम्बर को आयोजित होगी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने कल प्रधानमंत्री रेहडी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधि – पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी। मंत्रिमंडल ने इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस से आगे की अवधि के विस्तार का भी अनुमोदन किया। इसे अब इकतीस मार्च, दो हजार तीस तक बढ़ा दिया गया है। योजना का कुल परिव्यय सात हजार तीन सौ बत्तीस करोड़ रुपये है। एक रिपोर्ट–

**पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्त में बड़ी हुई ऋण राशि दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा और थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल है। यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से स्ट्रीट वेंडरों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रीट मंडल खुदरा और थोक लेनिन पर 1600 रूपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस फैसले के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह निर्णय स्वनिधि से समृद्धि और स्वरोजगार से सम्मान की भावना को साकार करेगा।

प्रदेशवासियों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। जौनपुर के किराना दुकानदार रवि प्रकाश ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना के जरिए छोटे व्यवसायी लाभांवित होंगे।

**इस फैसले से रेहड़ी पटरियों के लिए व्यवसाय के लिए हम लोगों के लिए जो छोटे दुकानदार है जैसे किराना के दुकान हो गए फल फ्रूट जो रोड पर बेच रहे हैं उनके लिए जिससे अगर समय से चुका दे रहे हैं इसमें कोई भी ब्याज भी नहीं है। इससे गरीबों के लिए और छोटे व्यवसाय के लिए काफी फायदा होगा। मोदी सरकार को हम यही कहना चाहते है की जो भी हो अच्छा हो और लोगों के लिए भी बढ़िया हो।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की बोली लगाने के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित दो हजार चार सौ पचीस मुख्य सेविकाओं और तेरह फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का रास्ता आंगनबाड़ी केंद्रों और गांवों से होकर जाता है।

**प्रधानमंत्री जी ने दो हजार सैंतालीस का लक्ष्य देशवासियों को दिया है। दो हजार सैंतालीस में कैसा भारत एक ऐसा भारत जो विकसित हो, आत्मनिर्भर हो, समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ते हुए दुनिया का नेतृत्व करने वाला हो। ऐसे भारत के निर्माण का रास्ता कहीं से जाता है तो वह आंगनबाड़ी केंद्रों से जाता है। गाँव से जाता है, गलियों से होकर के जाता है। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।**

कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए। सुल्तानपुर में नियुक्ति पत्र मिलने पर नवचयनित मुख्य सेविका प्रतिभा सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रही है।

**इसमें गवर्नमेंट का जो है बहुत ही पारदर्शी रूप से जो भी व्यवस्था की गई उसके लिए मैं उनका तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूँ योगी गवर्नमेंट ने बहुत अच्छा कार्य किया है और यह अवसर हमें प्रदान हुआ है मैं कोशिश करूंगी कि मैं इस पद की गरिमा बना के रखते हुए अपना सारा कार्य जो है अच्छे से संपादित करूँ।**

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पूरे देश के स्कूलों से पांच से पंद्रह वर्ष के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इस पहल से अवगत कराया है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल झांसी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का तीसवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने लगभग पैंतीस हजार उपाधियाँ और उन्यासी पदक प्रदान किए। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया।

**********

मेरठ से लखनऊ तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के रूट को विस्तार देते हुए कल से इसका संचालन वाराणसी कैंट तक शुरू हो गया। अब यह ट्रेन मेरठ, लखनऊ, अयोध्या होते हुए वाराणसी तक संचालित हो रही है। इस अवसर पर वाराणसी में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि काशीवासियों के लिए यह एक बड़ी सौगात है।

**एक ऐसी सौगात काशी को मिली है की अब हम कह सकते हैं की हम लोग काशी के लोग एक ही दिन में अयोध्या जाकर दर्शन करके बहुत आसानी से लौट सकते हैं। तो काशी अयोध्या लखनऊ से जोड़ने वाली यह ट्रेन आज काशी के लिए एक विशेष सौगात है और इसके लिए बहुत बहुत हृदय की गहराइयों से बधाई देना चाहता हूँ।**

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग आगामी छह और सात सितम्बर को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी आयोजित करेगा। यह परीक्षा अड़तालीस जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग ने कल परीक्षा से संबंधित जिलों की सूचना जारी कर दी। आयोग ने कहा है कि अभ्यर्थी यूपीएसएसएससी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर अपना परीक्षा जनपद देख सकते हैं।

**********

केंद्रीय वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवाएं विभाग आम जनमानस को वित्तीय समावेशन योजनाओं से जोड़ने के लिए तीस सितंबर तक अभियान चला रहा है। राज्य स्तरीय बैंकिंग समिति के संयोजक महफूज निशात ने बताया कि इस अभियान में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत निशुल्क खाते खोलने के साथ ही लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

**पूरे प्रदेश में कार्यक्रम किया जा रहा है। एसएलवीसी के तत्वावधान में और हर बैंक इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। एपीवाई आउटरीच कार्यक्रम उसका एक पार्ट था और जहां सारे एलडीएम और परफॉर्मिंग आये थे उनको भी यह संदेश दिया गया है कि एफआई सैचुरेशन कैंपेन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और जो उद्देश्य है सरकार का उसके साथ अपने एम को अलाइन करें और उसको पूरा करें।**

**********

राष्ट्रीय खेल दिवस पर कल और तीस अगस्त को देश भर में एक घंटा खेल के मैदान में– थीम पर जन आंदोलन चलाया जाएगा। इसी क्रम में लखनऊ की रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य मुमताज खान ने लोगों से अपील की है कि सभी घर से बाहर निकलें और एक घंटा खेल के मैदान में देकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं।

**आप घर से बाहर निकलिए उनको देखिए जो मेहनत करते हैं दो–दो तीन–तीन घंटे छोटे बच्चे हो बड़े बच्चे हो चाहे वो सीनियर्स हो वो किस तरीके से किस डेडिकेशन से वो अपने आप को डेली रूटीन फॉलो करते हैं तो हम यही चाहते हैं आप आए एक घंटा अपने आप को दें अपने बच्चों को दें अपने देश के लिए जो भी है आप करिए मैं तो यही चाहती हूँ।**

**********

यूपी टी ट्वेंटी लीग प्रतियोगिता के बीसवें मुकाबले में मेरठ मावेरिक्स की टीम ने कल लखनऊ फाल्कन्स को तिरानवे रनों से हरा दिया। मेरठ मावेरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में दो सौ तैंतीस रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लखनऊ फाल्कन्स की टीम अठारह दशमलव दो ओवर में एक सौ चालीस रन ही बना सकी।

**********

जम्मू में श्री माता वैष्णों देवी मार्ग पर हुई भूस्खलन की घटना के मृतकों के प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इस हादसे में प्रदेश के ग्यारह लोगों की मौत हुई है। जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये और सभी घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

**********